हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 24 अगस्त 2025

04 वित्त ज्वाइंट डायरेक्टर ने गौशाला में किया पूजन...



07 दिव्यांग शिविर में विकलांगों को मिली बैटरी ट्राय...





## खबर संक्षेप

### पुस्तक मेला में साहित्यिक चर्चा आज

**विदिशा।** आज शाम 5 बजे ऑडिटोरियम में आयोजित पुस्तक मेले में साहित्यिक परिचर्चा की जाएगी। भारतीय साहित्य के मूल्य विषय पर साहित्य से जुड़े विचारक अपने विचार रखेंगे। मुख्य वक्ता कृष्ण श्रीवास्तव भोपाल अपना वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। परिचर्चा में डॉ ब्रह्मदीप अलूने, डॉ संजीव जैन, डॉ वनिता बाजपेयी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुलखान सिंह हाड़ा करेंगे एवं मुख्य अतिथि के रूप में केएन. शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अस्मुरारी नंदन मिश्र द्वारा किया जाएगा।

### सशक्त वाहिनी कक्षा में दिया मार्गदर्शन

**विदिशा।** सशक्त वाहनी की क्लास में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा एवं सहायक संचालक विवेक शर्मा ने बालिकाओं मार्गदर्शन दिया। विनीता लोढ़ा द्वारा बालिकाओं को प्रतिदिन न्यूज पेपर पढ़ने और बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने प्रेरित किया। सहायक संचालक विवेक शर्मा द्वारा बच्चियों को बताया गया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। संरक्षण अधिकारी अनुज जैन के द्वारा रीजनिंग तर्क शक्ति एवं अन्य प्रकार की कंपटीशन एग्जाम की जानकारी दी। संतोष रघुवंशी ने बच्चियों को नियमित रूप से क्लास में उपस्थित होने समझाइश दी। बालिकाओं को प्रतिदिन फिजिकल क्लास दिलीप थापा सहायक उपनिरीक्षक एवं विश्वामित्र अवार्ड प्राप्त कोच द्वारा पुलिस लाइन में दी जा रही है। पलक अहिरवार एवं शिवेंद्र श्रीवास द्वारा बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रह है।

### मेरिट सूची जारी दावा आपत्ति आमंत्रित

**विदिशा।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजनाओं अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के आवेदनों का परीक्षण कर अंतरिम मेरिट सूची केन्द्रवार चयन पोर्टल पर प्रकाशित कर दी गई है। जारी सूची के विरुद्ध इच्छुक आवेदिकाएं प्रकाशन तिथि से सात दिवस के भीतर सीएससी,एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन दावा-आपत्ति दर्ज करा सकती हैं। दावा-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथियां नटेरन परियोजना की 25 अगस्त तक तथा लटेरी एवं कुरवाई परियोजना अंतर्गत दावे आपत्तियां 26 अगस्त तक स्वीकार की जाएगी। सिरोंज, ग्यारसपुर एवं विदिशा ग्रामीण परियोजना से संबंधित दावे आपत्तिएं दर्ज कराने की अंतिम तिथि 27 अगस्त नियत की गई है।

### बच्चों को किया प्रोत्साहित



**गुलाबगंज।** अहिरवार समाज विकास संगठन समिति द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर प्रांगण के हॉल में चल रही निःशुल्क कोचिंग क्लास में बच्चों को प्रांतीय पटवारी संघ जिलाध्यक्ष प्रहलाद पंथी द्वारा कापी पेन वितरित किए। कलम की ताकत के बारे में बच्चों को बताया। समिति के निःशुल्क कोचिंग क्लास के प्रयास की सराहना की और और समिति को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान मोतीलाल अहिरवार पटवारी , लमपूलाल अहिरवार पूर्व सरपंच, समिति अध्यक्ष चंद्र मोहन रतोसिया, कोषाध्यक्ष कमलेश ठेकेदार , उपाध्यक्ष हरिकिशन अहिरवार , चतर सिंह अहिरवार मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में रक्तदान शिविर आज

**विदिशा।** आज रविवार सुबह 10 बजे से ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र बालाजीपुरम में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर किया जा रहा है।

### जिला प्रशासन व नेशनल बुक न्यास के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक मेला आयोजित

# बेहतर जिंदगी के लिए बेहतर रास्ता बताने का काम किताबें करतीं हैं: विजय मनोहर तिवारी

**ऑडिटोरियम में 44 स्टॉलों में 23 प्रकाशकों की किताबें पाठकों के लिए विक्रय हेतु सुगमता से उपलब्ध है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार से ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन और नेशनल बुक न्यास के तत्वावधान में पुस्तक मेले का शुभारंभ हुआ। ऑडिटोरियम में आयोजित पुस्तक मेला के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी ने पुस्तक मेला को अतिमहत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि बेहतर जिंदगी के लिए बेहतर रास्ता बताने का काम किताबें करती हैं।

उन्होंने परम्परा और संस्कृति को समावेश करने वाली किताबों, ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और किताबों को घर की आत्मा बताते हुए कहा कि अध्ययन से हम जीवन की असली यात्रा की ओर आगे बढ सकते है। उन्होंने विदिशा जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को रेखांकित करते हुए किताबों के प्रति रुझान कैसे बढ़ा की जानकारियां सांझा कीं। उन्होंने कहा कि लिखने पढ़ने की सीख उन्हें अपनी मां से मिली है। कार्यक्रम को श्रीमती साधना ने भी संबोधित किया। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि संपूर्ण दुनिया को किताबों की मदद से जाना जा सकता है। संस्कृति, इतिहास हरेक परिस्थितियों को किताबें समावेश करती है। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए किताबों की महत्वता को रेखांकित करते हुए कहा कि ज्ञान ही निरंतर बढ़ता है।

पुस्तकों का ज्ञान कभी व्यर्थ नही जाता। अध्ययन कर हम गौरव पूर्ण इतिहास को स्थातिप कर सकते हैं। उन्होंने पुस्तक मेला आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विदिशा जिले में इस प्रकार का आयोजन अपने आप स्वर्णिम अवसर को प्रतिपादित कर रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि अध्ययन से ज्ञान बढ़ता है। पुस्तकें वैचारिक बदलाव की केंद्र बिन्दु हैं। अध्ययन से हम तथ्यात्मक तर्कपूर्ण सत्य की प्राप्ति कर सकते हैं। उन्होंने किताबों को जीवन का अभिन्न अंग बताया।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने पुस्तक मेला की महत्वता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि अनेक प्रकार की किताबें हमें एक ही स्थल पर सुगमता से क्रय करने का अवसर मिलता है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पुस्तक मेला के शुभांरभ को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी का ध्यान किताबों की ओर बढ़े। आने वाले दो तीन वर्षो में सोशल मीडिया के क्षेत्र में होने वाले नवाचारों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि किताबों से जो ज्ञान प्राप्त होता है। वह स्थायी और सत्यता का प्रतीक है।

उन्होंने नेशनल बुक ट्रस्ट के द्वारा विदिशा में पुस्तक मेला आयोजित करने के प्रति धन्यवाद देते हुए कहा कि पुस्तक मेला में पाठकों की आवश्यकता व अभिरुचि के अनुसार उच्च क्वालिटी लेखनी की किताबें सुगमता से प्राप्त हो रही है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जिले के सभी नागरिकों से आव्हान किया है कि पुस्तक मेला के इस अवसर का अधिक से अधिक दोहन करें और मन माफिक लेखक की किताबें सुगमता से क्रय करें। मेले में देशभर के प्रतिष्ठित प्रकाशकों की पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। मेले में बाल साहित्य, विज्ञान, इतिहास, संस्कृति, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित तथा क्षेत्रीय भाषाओं की पुस्तकें विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।



**विदिशा।** पुस्तक मेले का शुभारंभ करते हुए कुलपति विजय मनोहर तिवारी।



**विदिशा।** पुस्तक मेले में पहुंचकर विद्यार्थियों ने किया किताबों का अध्ययन।

#### पुस्तक मेले में ब्रेल लिपि की किताबें निःशुल्क

पुस्तक मेला में दृष्टिबाधित पाठकों के लिए ब्रेललिपि की किताबों के संग्रह का स्टॉल संचालित किया जा रहा है। एनबीटी के ज्वाइंट डायरेक्टर राकेश कुमार यादव ने बताया कि दृष्टिबाधित पाठकों को ब्रेललिपि की किताबें निःशुल्क प्रदाय की जा रही है। ब्रेललिपि आधारित 13 प्रकार की पुस्तकें स्टॉल में उपलब्ध है। इच्छुक दृष्टिबाधित जो पढ़ने के शौकीन हैं वे इन किताबों को निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा स्टॉल में रेडियो के माध्यम से कैसे सुने की भी जानकारी दृष्टिबाधितों को सुगमता से दी जा रही है।

#### कुलपति बोलेः ऐसा मेला हर साल लगना चाहिए

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री के निर्देश पर किया जा रहा है। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति विजय मनोहर तिवारी ने इसे जिला प्रशासन की सराहनीय पहल बताया और सुझाव दिया कि इसे हर साल आयोजित किया जाना चाहिए। यह पुस्तक मेला विदिशा के लिए ज्ञान और संस्कृति का उत्सव बन गया है। आयोजकों का मानना है कि यह प्रयास लोगों को किताबों से जोड़ने और पठन-पाठन की संस्कृति को प्रोत्साहन देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

#### मेले में 23 से अधिक प्रकाशकों ने लिया भाग

शहर पहली बार राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के तत्वाधान में 7 दिवसीय पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 23 से 29 अगस्त तक ऑडिटोरियम में चलेगा। मेले में देशभर से 23 से अधिक प्रकाशक और लेखक भाग ले रहे हैं। मेले में सभी आयु वर्ग के पाठकों के लिए विशेष पुस्तकें उपलब्ध हैं।

#### बच्चों के लिए कॉमिक्स और बाल कथाएं मौजूद

पुस्तक मेले में बच्चों के लिए कॉमिक्स और बाल कथाएं रखी गई हैं। युवाओं के लिए फिक्शन, नॉन-फिक्शन और सेल्फ-हेल्प बुक्स उपलब्ध हैं। वहीं भारतीय भाषाओं में साहित्य और संस्कृति से जुड़ी किताबों का भी संग्रह है। दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्रेल लिपि में विशेष पुस्तकें रखी गई हैं।

#### सुबह कार्यक्रम, शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुति

मेले का विशेष आकर्षण सुबह और शाम होने वाली गति विधियां हैं। सुबह स्कूली बच्चों के लिए रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें देशभक्ति गीत, क्विज और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं शामिल हैं। विदिशा की ऐतिहासिक धरोहर पर विशेष चर्चा सत्र भी होगा। स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए अथॉरिटी ऑफ विदिशा का अलग स्टॉल लगाया गया है।

### मैराथन दौड़ आजः 308 धावक लेंगे हिस्सा, 10 रुपए हजार का इनाम

**विदिशा।** जिला मुख्यालय पर आज रविवार की सुबह 6 बजे से आरटीओ ऑफिस से उदयगिरी व वापसी आरटीओ ऑफिस तक मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। दौड़ आरटीओ ऑफिस से प्रारंभ होकर उदयगिरी तक जाएगी और वहां से वापस आरटीओ ऑफिस पर समाप्त होगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के अनुसार इस 12 किमी की मैराथन में विदिशा के साथ आसपास के जिलों के धावक भी शामिल होंगे। मैराथन के लिए कुल 308 धावकों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है। मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम स्थान पर आने वाले धावक को 10 हजार रुपए, द्वितीय स्थान के लिए 5 हजार रुपए और तृतीय स्थान के लिए 3 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार केवल वही धावक जीत सकेंगे जो पूरी दौड़ समाप्त करेंगे।

### दूसरे दिन 662 युवाओं में से 412 ने दौड़ पास की

**विदिशा।** खेल स्टेडियम परिसर में जारी अग्निवीर भर्ती रैली का 23 अगस्त को दूसरा दिन था। जिसमें मप्र के छिंदवाड़ा, पन्ना और नरसिंहपुर जिला के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। 755 उम्मीदवारों में से 662 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की। उम्मीदवारों ने एक दुसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और जिसमे 412 युवाओं ने दौड़ पास की।इन दौड़ पास उम्मीदवारों को इस के बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्यवाही और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा । जिला प्रशासन विदिशा और सेना भर्ती कार्यालय भोपाल के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है तथा युवाओं में इस रैली भर्ती के उत्साह देखा जा रहा है।

## एसोसिएशन ने वित्तमंत्री और जीएसटी काउंसिल से दवाओं पर जीएसटी घटाने कि अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स जो देशभर के 12.40 लाख केमिस्ट्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स का प्रतिनिधित्व करता है ने माननीय वित्त मंत्री एवं जीएसटी काउंसिल की चेयरपर्सन निर्मला सीतारमण से आग्रह किया है कि सभी दवाओं को 5% जीएसटी स्लैब में और गंभीर रोगों में प्रयुक्त जीवन रक्षक दवाओं को 0% जीएसटी में रखा जाए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी सरलीकरण की घोषणा का स्वागत करते हुए एआईओसीडी के अध्यक्ष जेएस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि केमिस्ट स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की अंतिम कड़ी हैं, जो सीधे 140 करोड़ नागरिकों से जुड़े हुए हैं, और दवाइयों की कीमत बढ़ने का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ता है।

#### एआईओसीडी की यह हैं मुख्य मांगें

- आवश्यक दवाएं जो डीपीसीओ के अंतर्गत विनियमित हैं, उन पर अतिरिक्त कर नहीं लगाया जाए।
- सभी दवाएँ, विटामिन, प्रोबायोटिक्स, न्यूट्रिशनल व फ्रूड सप्लीमेंट्स तथा बेबी फ्रूड को 5% जीएसटी में रखा जाए।
- कैंसर, किडनी, हृदय रोग, दीर्घकालिक/दुर्लभ बीमारियों तथा रक्त-आधारित दवाओं को 0% जीएसटी में शामिल किया जाए।
- 12% जीएसटी स्लैब हटने के बाद आयुर्वेदिक दवाओं पर कर वृद्धि नहीं होनी चाहिए।
- रोकथाम इलाज से बेहतर है के सिद्धांत के अनुरूप निवारक दवाएं और माइक्रोन्यूट्रिएंट सप्लीमेंट्स सस्ती और सुलभ बने।
- 12% जीएसटी स्लैब समाप्त होने पर उस श्रेणी की सभी दवाओं को या तो 0% या 5% स्लैब में स्थानांतरित किया जाए।
- उच्च दर वाले जीएसटी स्लैब में पहले से खरीदे गए स्टॉक पर संशोधित दर लागू करने स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं।

#### सरकार से संवेदनशील निर्णय लेने की उम्मीद

जेएस शिंदे और राजीव सिंघल ने दोहराया कि दवाएं विलासिता की वस्तुएं नहीं बल्कि जीवन रक्षक साधन हैं। जीएसटी में कटौती से लाखों मरीजों और उनके परिवारों को सीधी राहत मिलेगी। एआईओसीडी ने बताया कि ज्ञापन की प्रति बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री परिषद के अध्यक्ष सम्राट चौधरी को समर्थन हेतु भेजी गई है।

### मानव स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया

**विदिशा।** डॉ. एस.पी. शर्मा द्वितीय स्मरण में शेरपुरा कन्या स्कूल में पेयजल परीक्षण एवं मानव स्वास्थ्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उद्बोधन में प्रो. केके पंजाबी ने पीएचई के माध्यम से पेयजल उपचार की क्रियाविधि को समझाया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अतुल शाह, अध्यक्ष बेतवा उत्थान समिति ने पर्यावरण में जल के महत्व पर बोलते हुए पीने के पानी की शुद्धता पर बल दिया। ताकि मानव स्वास्थ्य ठीक रहे एवं बीमारियों पर नियंत्रण किया जा सके। शेरपुरा स्कूल के पूर्व प्राचार्य एवं प्रोफेसर शर्मा के पूर्व छात्र डीके गुप्ता ने वर्तमान में शिक्षा स्तर की गिरावट पर चिंता व्यक्त की और शर्मा के समय को याद किया। शर्मा जी के पुत्र, जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट विभाग में प्रो. डॉ. अंकुश शर्मा ने जल प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. आरएन शुक्ला, पूर्व विभागाध्यक्षा (रसायन विज्ञान), सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट विदिशा ने विद्यार्थियों द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले पेयजल के नमूनों का परीक्षण करवाया।

## एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम प्रकरणों की समीक्षा की

### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में लंबित मामलों पर हुई विस्तृत चर्चा

**पीड़ित पक्ष को न्याय एवं संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई के दिए गए दिशा-निर्देश।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



पुलिस कंट्रोल रूम में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अजाक आशुतोष राय की उपस्थिति में हुई।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक अभय सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रामीण रेंज भोपाल ओमप्रकाश त्रिपाठी एवं एसपी रोहित काशवानी मौजूद रहे। बैठक के दौरान निम्न प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा एवं निर्देश दिए गए। लंबित प्रकरणों की त्वरित विवेचना एवं शीघ्र न्यायालयीन प्रस्तुतिकरण, पीड़ित पक्ष को समय पर मुआवजा एवं राहत राशि उपलब्ध कराना, अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार हेतु विवेचकों को आवश्यक मार्गदर्शन, पीड़ित पक्ष से सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार एवं उन्हें कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, थाना एवं चौकी प्रभारियों को प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर प्रगति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे सहित जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रभारी भी मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऐसे प्रकरणों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### विदिशा में धार्मिक आस्था का अनूठा प्रदर्शन देखने को मिला

# गो माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने चिड़ोरिया धाम से मेहगांव तक निकाली यात्रा, विजय मंदिर खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शनिवार को चिड़ोरिया धाम से मेहगांव धाम तक पदयात्रा का आयोजन किया गया।

पीठाधीश्वर पंडित अंशुल शास्त्री के नेतृत्व में निकली इस पदयात्रा का उद्देश्य दो प्रमुख मांगों को उठाना था। गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना और प्राचीन बीजा मंडल विजय मंदिर का ताला खुलवाना। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जो डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। यात्रा मार्ग में कई स्थानों पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर और आरती उतारकर पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया। पदयात्रा के दौरान पंडित अतुल शास्त्री ने कहा कि वे मेहगांव धाम पहुंचकर हनुमान जी से प्रार्थना करेंगे कि बीजा मंडल विजय मंदिर का ताला जल्द से जल्द खुल जाए।

उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। मेहगांव धाम में पदयात्रा के समापन पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस पदयात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने अपनी धार्मिक आस्था और सामाजिक सरोकार का परिचय दिया। यह पदयात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि गौ माता के सम्मान और प्राचीन मंदिरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक प्रयास है।



## 27 को विराजेंगे विघ्नहर्ता श्रीगणेश सजे पंडाल, प्रतिमाओं की बुकिंग शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

गणेश चतुर्थी का पर्व इस वर्ष 27 अगस्त से 6 सितंबर तक मनाया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार भादो शुक्ल चतुर्थी 26 अगस्त को दोपहर 1.54 बजे 27 अगस्त को दोपहर 3.44 बजे तक रहेगी। उदिया तिथि के चलते गणेश चतुर्थी 27 अगस्त को मनाई जाएगी और इसी दिन गणपति जी की स्थापना होगी। भगवान गणेश की स्थापना के शहर में जगह जगह पंडाल बनाना शुरू हो गए हैं। शहर में करीब 100 स्थानों पर झांकियों में गणेश जी की स्थापना की जाती है। घरों में स्थापित की जाने वालीं भगवान श्री गणेश की सुसज्जित प्रतिमाएं तिलकचौक स्थित बांके विहारी मार्केट पर मौजूद हैं।

खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर का आयोजन 25 को




**गंजबासौदा।** ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि का 18 वां पुण्य स्मृति दिवस एवं विश्व बंधुत्व दिवस के पावन अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्माकुमारी नंदिनी दीदी ने बताया कि सोमवार को सुबह 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र चर्च वाली गली बड़े रोड स्थित सेवा केंद्र पर आयोजित किया गया है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है इससे बड़ा कोई दान नहीं आज हम देखते हैं कि कई जरूरतमंद लोगों को समय पर रक्त ना मिलने से वह अपनी जान गवा देते हैं रक्तदान एक बहुत बड़ी सेवा है। ब्रह्मकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग ने पूरे देश में एक लाख यूनिट ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा है। यह महाअभियान गिनीज ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। ब्रह्मकुमारीज द्वारा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की गई है।

### सेवा समिति की बैठक आयोजित



**गंजबासौदा।** विगत दिनों पंडित केशव गुरु के मंदिर राधा कृष्ण में प्रतिवर्ष पितृ पक्ष में होने वाले पक्षीक आयोजन के लिए भगवत सेवा समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें निश्चित किया गया पिछले वर्ष की भांति इश वर्ष भी 15 दिवसीय भगवत कथा का आयोजन संपन्न होगा। साथ में पितृ तर्पण, जनारदन भगवान का अभिषेक किया जावेगा, साथ में विभिन्न धर्मिक आयोजन संपन्न होंगे। सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया जो भी पितृ तर्पण पितरों के लिए मूल पाठ के यजमान बनेंगे उन्हें चार दिन पहले समिति को सूचना देना होगी। बैठक में प्रकाश मिश्रा, राजेश रिछारिया,नारायण सोनी, नित्य प्रकाश शर्मा, घनश्याम चौरसिया, राजू पाराशर, भूरा, मुन्ना कुशवाह, सीताराम ताम्रकार सहित समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### रुक रुककर हुई बारिश

**गंजबासौदा।** शनिवार को नगर में सुबह से लेकर शाम तक रह रहकर हल्की बारिश हुई। वहीं रात्रि के समय तेज बारिश का दौर शुरु हो गया जो देर तक चलता रहा। जिससे सड़कें पानी से भर गई तथा मौसम में ठण्डक घुल गई।

# जन्मदिन पर शासकीय शाला नंदूपुरा, मांगरोद को कंम्प्यूटर भेंट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

ओजस इन्फ्रास्ट्रक्चरर्स एंड मैकेनिकल वर्क्स के डायरेक्टर राजकुमार ठाकुर ने अपने जन्म दिवस पर नंदूपुरा में एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला और मांगरोद प्राथमिक शाला को अलग-अलग कार्यक्रमों में तीन कंप्यूटर सेट भेंट किए। इस अवसर पर एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला की प्रधानाध्यापक फरहीन खान ने बताया कि ओजस इन्फ्रास्ट्रक्चरर्स एंड मैकेनिकल वर्क्स के डायरेक्टर राजकुमार ठाकुर ने अपने जन्म दिवस पर बच्चों को दो कंप्यूटर भेंट किए। फरहीन खान ने बताया कि पूर्व में भी दोनों शालाओं को समाजसेवी राजकुमार ठाकुर और इंद्रजीत सिंह द्वारा सर्दी के समय में बच्चों को गर्म स्वेटर और टोपे और दोनों शालाओं के लिए कारपेट भेंट किए गए थे। ठाकुर के कार्यों की जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। जिन्होंने शासकीय शालाओं के छात्र छात्राओं को वर्तमान युग में अग्रणी होने के लिए, कंप्यूटर भेंटकर बड़ा ही सराहनीय कदम उठाया है।

इस अवसर पर राजकुमार ठाकुर और इंद्रजीत सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चों की तरह शासकीय शालाओं के छात्र और छात्राएं भी कंप्यूटर सीखकर अपने सपने साकार करें। इसी उद्देश्य से नंदूपुरा शाला को दो और मांगरोद शाला को एक कंप्यूटर भेंट किए हैं। इसी क्रम में एक अन्य कार्यक्रम में प्राथमिक शाला मांगरोद के सहायक शिक्षक मलखान सिंह राजपूत को प्राथमिक शाला मांगरोद के छात्र और छात्रोंओं को भी एक कंप्यूटर सेट प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में दोनों शालाओं के छात्र छात्राओं को केला और डेरी मिल्क चॉकलेट वितरित की गई।

कार्यक्रम में नंदूपुरा की प्रधानाध्यापक फरहीन खान, माध्यमिक शिक्षक इंदिरा राजपूत, सहायक शिक्षक अनिल कुमार चावलिया, प्राथमिक शिक्षक पंकज श्रीवास्तव एवं प्राथमिक शाला मांगरोद में सहायक शिक्षक मलखान सिंह राजपूत, प्राथमिक शिक्षक गिरजा विश्वकर्मा व संकुल केंद्र शासकीय हाई स्कूल गांधी चौक की प्राचार्य लक्ष्मी प्रजापति एवं बीएसी, जेएसके राजेंद्र नगर से अंजली शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मलखान सिंह राजपूत ने किया और कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक फरहीन खान ने आभार व्यक्त किया।





## श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में गौ पूजन का कार्यक्रम आयोजित

# वित्त ज्वाइंट डायरेक्टर ने गौशाला में किया पूजन, लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

देवनारायण समाज कल्याण सेवा समिति के अंतर्गत श्री गोपाल कृष्ण गौशाला पर गौ पूजा कार्यक्रम में भारत सरकार के वित्त विभाग एवं नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया के ज्वाइंट डायरेक्टर राकेश कुमार यादव नई दिल्ली का आगमन हुआ। जिन्होने गौमाता की पूजन की एवं गौमाताओं की आरती उतारी तत्पश्चात लगभग दो क्विंटल फल सब्जियों का गौमाताओं को भोजन कराया गया।

इस दौरान गौशाला की व्यवस्था को देखकर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कथा व्यास पंडित देवेन्द्र भार्गव के सानिध्य में व्यवस्थित तरीके से गौमाता की सेवा की जा रही है जो बहुत ही सराहनीय है। यादव ने गौमाता को राष्ट्रीय गौमाता कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रयास कर रहे है कि भारत सरकार शीघ्र ही कुछ निर्णय लेगी। गौमाता को दर्द से छुटकारा दिलाने के लिए हम सभी संकल्पित है। गाय, गंगा, गांव को बचाना है तभी देश बचेगा। उन्होंने शहर की बहुत धार्मिक रूप के लिए सराहना की। कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, एसडीएम विजय राय ने भी गौमाता की पूजन कर, आरती उतारी। इस अवसर पर गौशाला परिसर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर पशुपालन विभाग के उपसंचालक नरेंद्र शुक्ला, दीपक कुमार दीक्षित, डॉ संजय भारती, डॉ. आरएस उपाध्याय, डॉ. वीरेंद्र रघुवंशी, सोहन लाल, मुकेश अहिरवार सहित पशुचिकित्सा विभाग स्टॉफ, कॉन्टेक्टर वरुण यादव, प्रमोद सिंह राजपूत, कपिल गुप्ता, देवेन्द्र पाठक, सरिता रघुवंशी, शैलेंद्र रघुवंशी, आयुष पाठक, देशांत राजपूत, मयंक भार्गव सहित नागरिक मौजूद थे।





# स्वरोजगार स्थापित कर सफल उद्यमी बनें: डॉ. शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ब्यूटीशियन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. रोहिताश्व शर्मा प्राचार्य पीएम श्री एक्सीलेंस शासकीय चंद्रशेखर पीजी कॉलेज सीहोर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि वह अपना स्वरोजगार स्थापित कर सफल उद्यमी कैसे बनें इसके लिए उन्होंने सफलता के सूत्र भी बताये।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड मध्य प्रदेश शासन के अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने शासन द्वारा स्वरोजगार स्थापित करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष रितुज एलिया ने कहा कि शासन की मंशा अधिक से अधिक विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है, जिसके लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि कम लागत में छोटी-छोटी इकाइयां स्थापित कर स्वरोजगार के माध्यम से जीवन में कैसे प्रगति करें। साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी रुचि के अनुसार स्वरोजगार को चुने। इस अवसर पर डॉ. ओम प्रकाश परमार ने विद्यार्थियों को विपणन प्रबंधन की जानकारी दी। विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. कंचन वैद्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वे विद्यार्थी भाग ले रहे हैं जो उद्यमिता और स्वरोजगार के माध्यम से अपना करियर बनाना चाहते हैं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. सबीहा मंसूरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता, डॉ बी के प्रजापति,डॉ विजय शाक्य, डॉ रेखा जांसल, शिवानी गौर, डॉ विंदेश शुक्ला, अभिषेक सिंह, घनश्याम चौकसे, डॉ सपना श्रीवास्तव, डॉ आरडी जाटव, शिवानी विश्नोई सहित महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

### अज्ञात व्यक्ति ने राष्ट्रीय ध्वज को कूड़े में फेंका



**गंजबासौदा।** शनिवार को अज्ञात व्यक्ति ने सावरकर चौक पचमा बायपास मार्ग स्थित घूरे पर सामान भरकर राष्ट्रीय ध्वज को कूड़े में फेंक दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सावरकर चौक क्षेत्र में नाले के पास कचरे में एक राष्ट्रीय ध्वज जिसमें कुछ सामग्री बंधी थी वह कचरे के ढेर में पड़ा था। जिसकी सूचना कुछ जागरूक लोगों द्वारा नपा प्रशासन को दी गई। सूचना मिलते ही नपा प्रशासन ने तत्काल राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए उसे वहां से उठाया और सुरक्षित किया। जिस पर जागरुक नागरिकों ने नपा प्रशासन के कार्य की सराहना की है।

### शनिचरी अमावस्या पर हुए कार्यक्रम



**गंजबासौदा।** शनिचरी अमावस्या के अवसर पर श्री शनि देव शक्ति धाम बरीघाट रोड पर सुबह से ही भक्तों द्वारा शनिदेव का पूजन, अभिषेक, भजन किए गए। दीपक तिवारी ने बताया कि शनिचरी अमावस्या शनि महाराज की प्रिय अमावस्या है, इस दिन दर्शन पूजन मंत्र से ही भगवान शनि महाराज सब की मनोकामना पूरी करते हैं, शनि महाराज जगत के न्यायाधीश हैं। श्री शनि देव शक्ति धाम पर सुबह से विशेष पूजन अभिषेक हवन बूंदी प्रसाद एवं एक कुंटल दूध की चाय वितरण की गई। वहीं प्रत्येक शनिवार को दोपहर 12 से भैरव बाबा की आरती उपरांत निशुल्क चाय वितरण की जाएगी।

# शाला परिसर में हुआ पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

गत दिवस ग्राम चौरावर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत विद्यालय परिवार की ओर से 40 फलदार पेड़ों के पौधों का रोपण किया गया। जिसमें इकोक्लब के बच्चों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी एवं रसोइयों ने पौधे लगाए, साथ ही सभी बच्चों और शिक्षकों ने पौधों की देखरेख एवं रखरखाव की शपथ ली। पूर्व में विद्यालय प्रभारी संजीव रघुवंशी के विशेष प्रयासों से शासकीय मद एवं विद्यालय के पूर्व छात्रों की मदद से तार फेंसिंग एवं गेट निर्माण का कार्य करवाया गया था। चार दिवारी होने के बाद शनिवार को वृहद पौधारोपण किया गया।

### शिक्षक एप आदेश की विसंगतियों पर ध्यान दिलाया

**गंजबासौदा।** शिक्षक एप के संबंध में जिले से जारी आदेश के संबंध में शिक्षक संगठन के प्रांत अध्यक्ष राकेश दुबे ने कलेक्टर एवं संगठन के उपाध्यक्ष प्रथ्वी सिंह रघुवंशी को मेल किया है। जिसमें उन्होंने कलेक्टर का एप की विसंगतियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि शिक्षक एप को मप्र सरकार ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए दैनिक कार्यालय गतिविधियों को सरल एवं डिजिटल बनाने के लिए विकसित किया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार इस ऐप का उपयोग करने वाले शिक्षकों की मॉनिटरिंग भी विशेष परिस्थितियों में वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति के उपरांत ही किए जाने के निर्देश हैं।

## श्वेतांबर जैन समाज के चल रहे हैं पर्यूषण पर्व

# पर्यूषण पर्व पर निकली पालकी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गंजबासौदा

श्वेतांबर जैन समाज ने पर्यूषण पर्व के मौके पर शनिवार को पालकी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गांधी चौक स्थित मंदिर से यात्रा शुरू हुई। इस दौरान धर्मग्रंथ कल्पसूत्र जिनवाणी का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। समाज के पुरोहितों के मार्गदर्शन में यात्रा गाजे-बाजे और भजन-कीर्तन के साथ आगे बढ़ी। यात्रा चाचा वाली गली, चांदसी अस्पताल, सदर बाजार होते हुए निकली। जिसमें महिला मंडल की सदस्यों और बालिकाओं ने गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। पुरुषों ने सफेद वस्त्र पहनकर भजन-कीर्तन में हिस्सा लिया। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह समाज के लोगों और नगर के अन्य समाज के लोगों ने पालकी की आरती की। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भेंट भी अर्पित की। यात्रा का समापनमंदिर परिसर स्थित उपाश्रय भवन में हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। इस दौरान पूरा मार्ग भक्ति में सराबोर रहा।

### कथाव्यास ने बच्चों का किया उत्साह वर्धन

**गंजबासौदा।** गांधी चौक वार्ड नंबर 17 में श्रावण माह में संपन्न होने वाली श्री शिव महापुराण कथा में उपस्थित रहने वाले सभी बच्चों को धर्म के प्रति उत्साह वर्धन हेतु कथा व्यास पंडित धर्मेन्द्र भार्गव ने तिलक लगाकर रुद्राक्ष पहनाकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। धर्म संदेश देते हुए उनसे कहा प्राचीन समय में सभी मंदिरों में सत्संग होता था जिसमें सभी लोग स्वेच्छा से सम्मिलित होते थे तथा बच्चों को भी साथ लाते थे जिससे बच्चों को संस्कार प्राप्त होते थे एवं प्रतिदिन घरों में रामायण आदि ग्रंथो का पठन पाठन होता था। वर्तमान परिवेश में घरों में ग्रंथ तो है पर उनका पठन-पाठन बंद हो गया। मंदिरों में सत्संग भी लुप्त सा हो गया। जिससे आने वाली पीढ़ी को संस्कार प्राप्त नहीं हो पा रहे हैं।

### कुल्हार में धूमधाम से मना लव कुश जन्मोत्सव

**गंजबासौदा।** ग्राम कुल्हार में लवकुश जन्मोत्सव उत्साह से मना। जिसमें आकर्षक झांकियां मुख्य बिंदु रहीं। लव कुश का वेश धारण किए किशोरों द्वारा अलग-अलग प्रस्तुतियां दी गईं। शोभायात्रा में ढोल नगाड़े डीजे पर लोग थिरकते हुए नजर आए। अखाड़े ने भी जोरदार करतब दिखाये, महिलाएं मधुर गीत गुंजन करते हुए चल रही थीं। बच्चे डीजे की धुन में डांस करते हुए आगे चल रहे थे। गांव के वरिष्ठ जन दीपक कुशवाह, चंद्रेश कुर्मी, प्रकाश राय सरपंच, सरदार सिंह राजपूत, गोरेलाल कुशवाह पूर्व सरपंच, रामप्रकाश राय, मानसिंह कुशवाह शिक्षक द्वारा जगह-जगह पर जलपान कराते हुए स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रवि कुशवाह द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा विदिशा जिला अध्यक्ष मनोज कुशवाह, महामंत्री कैलाश कुशवाह एवं उदयपुर अध्यक्ष गिरीश कुशवाह उपस्थित हुए। कार्यक्रम में गोरेलाल, राधेश्याम , श्याम लाल, काशीराम गंजबासोदा से उपस्थित हुए। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। शोभा यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर निकली।



## खबर संक्षेप

### 144वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 अगस्त को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 144 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 27 अगस्त दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं स्वास व हड्डी रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, बी एम डी, बॉडी मास, मास पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 26 अगस्त तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं।

### सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 25 अगस्त को युवा संगम

**सागर।** युवाओं को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन 25 अगस्त को प्रातः 11 बजे सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर सागर में किया जा रहा है।

### शारीरिक व मानसिक रूप के 87 दिव्यांगजनों को 178 उपकरणों का वितरण

# दिव्यांग शिविर में विकलांगों को मिली बैटरी ट्राय सायकल, खिले चेहरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शनिवार को जनपद पंचायत एवं नगरपालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत आने वाले दिव्यांगजनो लिए उपकरण वितरण का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक उमाकांत शर्मा ने शारीरिक एवं मानसिक रूप के 87 दिव्यांगजनो को 178 उपकरणों का वितरण किया। जिसमें 13 हितग्राहियों को बैटरी वाली ट्राइसाइकिल का भी वितरण किया गया। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रत्येक दिव्यांगजन का पटका माला पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत सम्मान किया।

### दिव्यांगजनों की सेवा करना मानवता की सच्ची सेवा

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि दिव्यांगजनो सेवा करना मानवता की सच्ची सेवा का कार्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकारों न दिव्यांगो के कल्याण के लिए अनेकों योजनाओं के माध्यम से दूरगामी और सकारात्मक कदम उठाए हैं। पहले दिव्यांगो को विकलांग कहा जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें दिव्यांग कहकर समाज में सम्मान का स्थान दिलाया है। वास्तव में दिव्यांग जन भगवान के समान



हैं, उनकी सेवा करना और उनकी मदद करना ईश्वरीय कार्य है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। आज खेलो में भी दिव्यांगो की भूमिका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयासों से बड़ी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैडल जीतकर अनेक दिव्यांगो ने भारत देश का और अपने परिवार का नाम रोशन किया है।

### दिव्यांगजनों की वर्तमान भौतिक स्थिति की जानकारी ली

*कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर दिव्यांगजनो की वर्तमान भौतिक स्थिति की जानकारी लेते हुए नपा सीएमओ तथा जनपद सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा अभियान चलाकर दिव्यांगो को चिन्हित करे तथा उनको विदिशा ले जाकर उनके प्रमाणपत्र बनवाएं। शिविर के दौरान वार्ड क्रमांक दस में रहने वाले दिव्यांग अनुज जैन ने प्रमाण पत्र नहीं बन पाने की अपनी परेशानी से विधायक श्री शर्मा को अवगत कराया तो उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को एक वाहन से गुरुवार को विदिशा जिला अस्पताल ले जाकर पात्रता के प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश प्रदान किए। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ शुरू हुआ। कार्यक्रम का संचालन सचिन शर्मा ने एवं आभार जनपद सीईओ आशीष अग्रवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी,जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव,भाजपा पथरिया मण्डल ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रघुवंशी सहित जनपद सदस्य एवं नपा के पार्षदगण तहसीलदार संजय चौरसिया,नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं दिव्यांगो के परिजन मौजूद रहे।*

# राज्यसभा सांसद जैन ने पर्यटन व संस्कृति मंत्री को लिखा पत्र



**सिरोंज।** राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री को पत्र लिखकर प्रदेश के प्राचीन जैन मंदिरों को ह्लमंदिरों के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन विकास योजनाह्व में शामिल करने की मांग की है। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई यह महत्वाकांक्षी योजना धार्मिक धरोहरों को सुरक्षित करने और पर्यटन को बढ़ावा देने में ऐतिहासिक साबित होगी। इसी कड़ी में आगरा को केंद्र में रखते हुए विशेष रूप से कई मांगें की गई हैं। इनमें कठवारी का प्राचीन जैन मंदिर एवं संतशाला का निर्माण कार्य, श्री 1008 पद्म प्रभु जिनालय परिसर से मुख्य मार्ग तक सीमेंट टाइल्स का निर्माण,पल्लीवाल जैन श्वेताम्बर महावीर स्वामी मंदिर व दादाबाड़ी समिति का सौंदर्यीकरण तथा चुरियारी स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का निर्माण प्रमुख हैं। सांसद ने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से आगरा धार्मिक पर्यटन का एक बड़ा केंद्र बनेगा और यहां के प्राचीन मंदिर अपनी भव्यता के साथ विश्व पटल पर स्थापित होंगे। सांसद ने प्रदेश के अन्य जनपदों में जैन मंदिरों व धार्मिक स्थलों से जुड़ी कुल 18 मांगें रखी हैं। उन्होने कहा कि यदि इन सभी मांगों पर शीघ्र अमल किया जाता है तो प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित ही नहीं बल्कि और भी भव्य रूप में सामने आएगी। इससे प्रदेश में जैन समुदाय की आस्था को मजबूती मिलेगी, साथ ही प्रदेश धार्मिक पर्यटन का वैश्विक गढ़ बनकर उभरेगा।

### मुरारिया से पदयात्रा कर कुंडलपुर पहुचें दर्जनों जैन श्रद्धालु



**सिरोंज।** पूज्य मुनि 108 निर्णय सागर जी महाराज जी की जन्म स्थलीय ग्राम मुरारिया से विगत एक सप्ताह पूर्व पदयात्रा करते रवाना हुए दर्जनो जैन श्रद्धालु शनिवार को कुंडलपुर पहुचें। इस अवसर पर देवपुर जैन मंदिर अध्यक्ष नीलेश जैन ने बताया कि यह पदयात्रा 15 अगस्त को पूज्य मुनि 108 निर्णय सागर जी महाराज जी की जन्म स्थलीय ग्राम मुरारिया प्रारंभ हुई थी। जो कि सिरोंज, कुरवाई, बीना, खुरई, सागर, दमोह होकर शनिवार को कुंडलपुर पहुचकर सम्पन्न हुई। वहां पर कुंडलपुर ट्रस्ट ने पदयात्रियो का भव्य स्वागत किया।

### राजपूत समाज की बेटी की हुई निर्मम हत्या पर समाजजनों ने दी श्रद्धांजलि

# करणी सेना परिवार की बैठक हुई आयोजित

**सिरोंज।** नगर के नया बस स्टेण्ड स्थित पालीवाल होटल में करणी सेना परिवार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रो से बडी संख्या में राजपूत समाज के लोग एकत्रित हुए। इस मौके पर बैठक में विगत दिनों पूर्व सिरोंज में राजपूत समाज की बेटी की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई थी। जिसमें जिला पुलिस अधीक्षक एवं सिरोंज पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तत्परता से आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जिसके लिए करणी सेना परिवार द्वारा सभी पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं स्वर्गीय बहन मिशु राजपूत को




विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तो वही 24 अगस्त को विदिशा में प्रस्तावित राजपूत समाज भुजरियां मिलन समारोह में पधार रहे। करणी सेना प्रदेश प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर के स्वागत हेतु विदिशा ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने के लिए समाज जनों से अपील की गई। तो वही करणी सेना परिवार जिला कार्यकारी अध्यक्ष गोविन्द सिंह चौहान ने बैठक में पधारें सभी समाज जनों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सनमान सिंह राजपूत, रणवीर सिंह तोमर, बबलू राजपूत, चंद्रभान सिंह चौहान, रवि राजपूत, रिंकू राजपूत, छगन राजपूत,अभिषेक राजपूत, शिवम राजपूत, प्रदीप राजपूत, जुगराज सिंह, लक्ष्मण राजपूत, संजय राजपूत, राजेश राजपूत, महेंद्र भदौरिया, गजेंद्र चौहान, आदित्य चौहान, बृजेन्द्र राजपूत, नितेश राजपूत, देवेंद्र राजपूत, चंद्रपाल राजपूत आदि रहे मौजूद।

### डीजे के साउंड व वेस कम रखने को लेकर समिति के सदस्यों ने बैठक में रखी अपनी बात

# आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक

**सिरोंज।** आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थी,डोल ग्यारस,राधा अष्ठमी,अंनत चतुर्थी,ईद आदि को लेकर पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैठक में प्रशासन एंव नागरिको के बीच में समंशस करने को लेकर चर्चा हुई। तो वही बैठक में तहसीलदार संजय चौरसिया,नवागत थाना प्रभारी विमलेश राय सहित अन्य प्रशासन अधिकारी व विभिन्न सामाजिक संगठनो प्रतिनिधि उपस्थित रहें। इस मौके पर वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्पित मित्तल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि मुख्य बाजार से जब डीजे अधिक वेस में बजते है तो मुख्य बाजार में स्थित



किराना,मिठाई सहित अन्य दुकानो में रखा समान डीजे के साउंड और वेस अधिक होने के कारण नीचे गिर जाता है। साथ ही बुजुर्ग व बीमार व्यक्तियो पर डीजे का तेज साउंड का गलत असर पडता है। उन्होने त्यौहारो पर बजने वाले डीजे साउंड की ध्वनि कम करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से विद्युत वितरण व्यवस्था को लेकर समिति के सदस्यो ने आवाज उठाई। जिस पर तहसीलदार संजय चौरसिया ने विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों को निर्देश दिया कि त्यौहारो में बिजली की व्यवस्थाएं व्यवस्थित रहे इसके लिए विशेष ध्यान रखें। साथ ही नगर पालिका सीएमओ से शहर के मुख्य मार्ग व गलियों में स्ट्रीट लाईट एंव साफ सफाई की व्यवस्था सुचारू रूप से रखी जाए।

# तीन दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश से बदला मौसम

### भादौ के महीने में लगी बारिश की झड़ी, ठंडा हुआ मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पिछले 3 दिनों सेनगर एवं क्षेत्र में रूक-रूक कर हो रही बारिश ने गर्मी, उमस से राहत दिला दी है। भादौ के महिना में लगी बारिश की झड़ी से मौसम बदल कर सुहाना हो गया है। एक बार फिर बारिश के जोर से नदी नालों का जल स्तर बढना शुरू हो गया है।

**धान की फसलों को लाभ :** पिछले 3 दिनों से कभी दिन तो कभी रात में हो रही बारिश से धान की क्यारियों में भरपूर पानी हो जाने की स्थिति बन गई है। 4-5 दिनों पूर्व तक किसान धान में पानी के लिए परेशान और ट्यूबवेलों के सहारे क्यारियों में पानी भर रहे थे।अब किसानों ने अच्छी बारिश के कारण ट्यूबवेलों को बंद कर दिया है। जिस प्रकार आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ है। उससे जोरदार बारिश की संभावना बनी हुई है।



### दिन भर हुई रिमझिम बारिश

*गुरूवार की रात में बादलों की गर्जना बिजली की चमक दमक के साथ बारिश हुई। शुक्रवार को सुबह से ही नगर एवं क्षेत्र में कभी तेज कभी रिमझिम बारिश से नगर सहित संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र पानी से तर बतर होता रहा। रिमझिम बारिश के कारण हवाओं में ठंडक घुल जाने के साथ वातावरण में ठंडक आ गई है। कच्चे पक्के मकानों में नमी आ जाने के साथ गर्मी, उमस से लोगो को राहत मिल गई है। इसी के साथ क्षेत्र के नदी नालों का जल स्तर भी बढ़ना शुरू हो गया है। इसी प्रकार बारिश हुई तो एक बार फिर बाढ़ की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।*

# जैन समाज के पर्यूषण पर्व पर हो रहे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

◆ भगवान महावीर स्वामी का आज नगर के प्राचीन मंदिर में जन्मोत्सव मनाया जाएगा

नगर में निवास करने वाले श्वेताम्बर जैन समाज के द्वारा पयूर्षण पर्व विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जा रहा है। आज रविवार को बडा बाजार स्थित प्राचीन श्वेताम्बर मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

प्रातः मंदिर जी में पूजा, अर्चना, कल्प सूत्र, धार्मिक ग्रंथो का पाठ शाम को सामायिक प्रतिक्रमण एवं भक्ति गीतों का आयोजन हो रहा है। नगर में मूल नायक चन्द्र प्रभु भगवान महावीर स्वामी का एक



शताब्दी से भी अधिक प्राचीन मंदिर है। श्वेताम्बर समाज के परिवार लोग पांच महावृतां अहिंसा सत्य अस्तेय, ब्रम्हचर्य, उपग्रह का पालन और ध्यान साधना, प्रार्थना, सामायिक में व्यस्त बने हुए है।

आज रविवार को भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव और 27 अगस्त को सामूहिक क्षमावाणी का कार्यक्रम होगा जब जाने अनजाने में हुई गलतियों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगी जाएगी। आत्मा की शुद्धि और कर्मो के नाश के लिए श्वेताम्बर जैन समाज के लोगो द्वारा उपवास ध्यान के साथ अन्न जल का भी त्याग किया जाता है।

# महिला बाल विकास की सूची जारी ऑनलाइन दावे, आपत्ति आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

महिला एवं बाल विकास परियोजना बरेली के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2 एवं सहायिका के 33 पदो की अंतिम सूची का प्रकाशन 17-08-25 को एवं 20 केन्द्रो की 19-07-25को एमपी ऑनलाईन के चयन पोर्टल पर कर दिया गया है।

**ऑनलाईन के दावे आपत्तिः** जारी की गई अंतिम सूची पर दावे आपत्ति प्रकाशन तिथि से 7 दिवस में सिर्फ ऑनलाईन दर्ज कराये जा सकते है। परियोजना कार्यालय में ऑफलाईन दावा आपत्ति नहीं लिए जा सकेंगे। केवल ऑनलाइन पोर्टल पर दावा आपत्ति पर ही विचार किया जाएगा।

# बारिश के बीच नगर के टॉकीज चौराहे पर हुई भारत माता की महाआरती

### भारत माता के प्रति अटूट श्रद्धा, राष्ट्रीय एकता- राज्यमंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

बारिश की बाधा के बीच नगर के टॉकीज चौराहे पर उत्साहपूर्वक अखंड भारत संकल्प दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में आरएसएस, बजरंग दल, विहिप के साथ अन्य संगठनों, व्यापारियों की बारिश में पानी मं भींगते हुए उपस्थिति रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने सभी उपस्थितों के साथ भारत माता की महाआरती की गई।

राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि बारिश में भींगते हुए इतनी भारी संख्या में लोगो की उपस्थिति भारत माता के प्रति अटूट श्रद्धा और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

**इतिहास की घटनाओं का वर्णन :** मुख्य अतिथि प्रांत सह सदभावना प्रमुख निमेष सेठ ने उपस्थितों जन समुदाय को



अखण्ड भारत के विभाजन की घटनाओं पर विस्तार से उल्लेख किया। भारत माता को पिछले दशकों में खन्ड-खन्ड किया जाता रहा। अब फिर से अखन्ड भारत के निर्माण का समय आ गया है। सभी के द्वारा सामुहिक रूप से हाथ उपर उठा कर भारत को अखंड बनाने का संकल्प लिया गया।

### बारिश में हुई पुष्पों की वर्षा

*» बारिश होती रही इसके बाद भी लोगो का उत्साह कम नहीं हुआ। भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पि और फूलों की वर्षा की जाती रही। आरती के दौरान बारिश की बूंदो और पुष्पवर्षा के साथ राष्ट्रीय , देश भक्ति के नारों से टाकीज चौराहा गूंजता रहा। जन समूह ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारो से उत्साह भर दिया।*

### सैकड़ों किसान लगे कतार में, एक-एक बोरी के लिए मारामारी

# खाद के लिए मंडी, गोदाम पर किसानों की लंबी लाइनें

◆ पिछले वर्ष की तुलना में कम आया खाद, रकबा बढ़ने से मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

संपूर्ण क्षेत्र के किसान धान की फसलों में डीएपी, यूरिया, एनपीके खाद डालने एक-एक बोरी खाद के लिए हैरान परेशान हो रहे है। खाद के लिए परेशान किसानों ने तहसील का घेराव कर खाद के लिए प्रर्दशन किया। मंडी स्थित विपणन संघ की गोदाम पर बारिश के बीच लम्बी-लम्बी लाइनें लगने के बाद भी खाद न मिलने से किसानों में भारी असंतोष आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

**भारी भीड़, टोकन व्यवस्था :** जिस प्रकार मंडी गोदाम पर डीएपी, यूरिया और एनपीके खाद के लिए प्रतिदिन किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। किसानों को टोकन

### किसानों ने तहसील का घेराव कर किया प्रर्दशन





बांट कर वितरण व्यवस्था में टोकन कहॉ मिलेंगे इसी को लेकर किसानों में गुस्सा बन रहा है। पहले एसडीएम कार्यालय से फिर मंडी से टोकन वितरण की बात सुनते ही किसान भडक गए। पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन खाद के लिए किसानों की लम्बी-लम्बी कतारें लगने के बाद कुछ को खाद मिल रहा, बाकि खाली हाथ लोटने से पुनः दूसरे दिन लाइन में लगना मजबूरी बना हुआ है। गोदाम पर खाद की कमी बनी हुई है। खाद आने की उम्मीद में एडवांश में टोकन बांट रहे है।

**मांग अधिक, आवक कम -**

पिछले वर्ष खरीफ सीजन में किसानों एवं सह. संस्थाओं को 2342 टन डीएपी, 5066 टन यूरिया, 597 टन एनपीके खाद का वितरण किया गया था। इस वर्ष 2025 में एक अप्रैल से अभी तक किसानों और सहा. संस्थाओं को 933 टन डीएपी, 3220 टन यूरिया, 910 टन एनपीके और 354 टन टीएसपी का वितरण किया गया है।

गोदाम में यूरिया और एनपीके के अलावा डीएपी का अभाव बना हुआ है। जबकि किसानों द्वारा सबसे अधिक डीएपी का उपयोग किया जाता है। डीएपी खाद आने का इंतजार बना हुआ है। पिछले वर्ष की तुलना इस वर्ष खाद की कम आवक ही खाद की किल्लत परेशानी का मुख्य कारण बन रही है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

Email- emotsiron) rmpurban.gov.in

क्रमांक/निर्माण/1901/2025 — **प्रथम ई-निविदा सूचना** — दिनांक 18.08.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2025_UAD _445024_1 19.08.2025 | निकाय क्षेत्रांतर्गत भोपाल रोड पर स्थित नगरपालिका जल संयत्र केन्द्र के सामने वाली बाउंड्रीवाल को तोडकर मेन रोड पर नवीन दुकानों का निर्माण कार्य। | 6 माह वर्षा काल सहित लागत 92.78 लाख | 10000.00 EMD 69600.00 | 22.09.2025 05:30 PM |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी सशोधन, का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

(मिथलेश कुमार दीक्षित)
उपयंत्री
नगरपालिका परिषद सिरोंज

(रामप्रकार साहू)
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद सिरोंज

### जिम्मेदारों की अनदेखी, एसडीओ कार्यालय की छत पर बेगोरी में पड़ी जांच किट

# साहब का चैंबर हुआ चकाचक, लेकिन पीएचई विभाग की चार महीने ये टूटी पड़ी बाउंड्री-वॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन








मुख्य कार्यपालन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय कार्यालय इन दिनों चकाचक हो गया है। लेकिन पिछले 4 महीनों पीएचई एसडीओ विभाग के नजदीक विभाग की बाउंड्री वॉल चार महीनों से टूटी पड़ी हुई है।वहां सिर्फ जाली लगा दी गई है। किंतु उसके बाउंड्रीवाल की मरम्मत दोबारा से बनवाने के लिए किसी को चिंता नहीं है। लेकिन पीएचईडी विभाग के प्रभारी अधिकारी गिरीश कामले द्वारा विभाग की बिल्डिंग का रंग रोगन और कायाकल्प से लेकर अपने चेंबर को दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल की तर्ज पर चकाचक करवा लिया है। बताया जाता है कि यह बजट विभाग के किसी मद से ताबड़तोड़ तरीके से खर्च किया गया है।

एसडीओ पीएचई रायसेन ऑफिस के बगल में लंबे अरसे से बाउंड्रीवाल मरम्मत उचित रखरखाव और अनदेखी की वजह से चार महीने पूर्व अचानक भरभरा कर गई थी। आवारा मवेशी सहित चोर मवाली बेधड़क प्रवेश ना करें। इसके लिए लोहे की जाली लगवा दी गई है, लेकिन बताया फिर भी रात के समय चोर मवाली बेधड़क घुसकर हैंडपंपों के कलपुर्जे पाइप चुराकर ले जा रहे हैं। इसके अलावा पीएचई विभाग की बेशकीमती सरकारी जमीन पर अतिक्रमणकारियों की मानो होड़ सी लग गई है। इन दबंग किस्म के लोगों द्वारा जमीन पर कब्जा कर लिया है।



## कबाड़ होते सामान की फिक्र किसी को नहीं

पीएचई विभाग के स्टोर रूम के आसपास और एसडीओ दफ्तर के आजू-बाजू में खुले में पड़े हैंडपंप कल पुर्जे मोड रहे पाइप प्लास्टिक पाइपलाइन सामग्री में तकरीर होती जा रही है इतना ही नहीं स्टोर रूम की चादरें जंग खा कर सड़ चुकी है। बताया जाता उनके अंदर बताया जाता है की नई एवं जाल सिंगल फेज टू फेस की मोटरें रखी हुई है। पीएचई विभाग के अधिकारियों को उनकी टीनशेड बदलकर नई चादरें लगाने की किसी तरह की चिंता नहीं है। बारिश के पानी स्टोर रूम में घुसने से मोटरें अन्य सामग्री जंग खा चुकी है इसके अलावा एसडीओ विभाग के प्रवेश द्वार के बाएं हाथ पर दो जगह पानी के गड्ढे भरे हुए हैं, जिसमें बारिश का पानी समय हुआ है। इसमें मच्छर मक्खियों पनप रहे हैं जो संक्रामक बीमारियों को जन्म दे रहे हैं अधिकारियों अनदेखी से बारिश के गंदे से पानी से भरे गड्ढों को पानी निकासी के अभी तक कोई ठोस इंतजाम नहीं किया है ।इतना ही नहीं पीएचई एसडीओ विभाग रायसेन की छत पर पानी प्रयोगशाला की सैंपल की बाटलें और केमिकल्स खुले में पड़ा हुआ है। जिससे वह अब आहिस्ता -आहिस्ता खराब हो रहा है। इसे सहेजने की मानो किसी को कोई चिंता नहीं है।

### इंजीनियर बने एसडीओ और एसडीओ बने अधिकारी

पीएचई विभाग एसडीओ कार्यालय में पदस्थ इंजीनियर नलिन सिरोही एसडीओ के पद पर विराजित है। इसी तरह एसडीओ गिरीश कांबले प्रभारी कार्यपालन अभियंता की कुर्सी पर जमे हुए हैं। कांबले पहले इंजीनियर रहे प्रमोशन के बाद एसडीओ बने बाद में जुगाड़ टेक्निक के दम पर प्रभारी पीएचई ईई की कुर्सी हथियाने में कामयाब हो गए हैं।

### साहब का चैंबर...लाजवाब

पीएचई विभाग के ईई गिरीश कांबले का चैंबर निर्माण एयर कंडीशनर सहित लाजबाव निर्माण करवा लिया गया है।जिसमें चेम्बर निर्माण में लाखों रुपये का बजट फूंक दिया गया है।इसके अलावा दफ्तर के रंगरोगन और फर्नीचर में भी बजट खर्च किया गया है।

### इनका कहना है

पीएचई विभाग के कार्यालय के कायाकल्प में विभाग के बजट से ही नया लुक दिया गया है। बाउंड्रीवाल की मरम्मत भी जल्द कराई जाएगी।

**- गिरीश कांबले,** प्रभारी ईई पीएचई रायसेन

### पीएचई के 16 क्वार्टरों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा

पीएससी कार्यालय अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही की वजह से विभाग के 16 क्वार्टरों की बेशकीमती सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कारियों की मानो होड़ सी लगी हुई है। बल्कि दफ्तर के ही कर्मचारियों द्वारा पुराने आवासों की तोड़फोड़ करवा कर दो से तीन मंजिला आलीशान इमारतें बनवाकर सड़क तक फैल गए हैं। वहीं कुछ तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के तबादले हो जाने रिटायर्ड होने के बाद उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कब्जा कर नई बिल्डिंगों का निर्माण करवाकर उसमें निवासरत हैं। इतना ही नहीं कुछ कर्मचारियों के परिवार के लोगों द्वारा पक्के मकान और दुकानों का निर्माण कर लिया है, लेकिन विभागीय अधिकारियों को सरकारी जमीन और विभाग की संपत्ति सुरक्षित रखने की कोई चिंता नहीं है। नागरिकों द्वारा कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा से पीएचई विभाग के 16 क्वार्टरों की पहचान को बरकरार रखने और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की पुरजोर मांग की है।



### हलाली डैम का जलस्तर हुआ 85 प्रतिशत

# लबालब होने पर पहुंचा हलाली डैम, किसानों को मिलेगा पानी

- लगातार बारिश से जिले की औसत बारिश का कोटा भी पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

एक सप्ताह से लगातार दीवानगंज क्षेत्र सहित आसपास के इलाके में झमाझम बारिश हो रही है। जिससे दीवानगंज सहित आसपास के गांव के तालाब लगभग भर चुके हैं। कई तालाब ओवरफ्लो हो रहे हैं, तो नदी नाले भी उफान पर है।

सम्राट अशोक हलाली डैम का जलस्तर दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। जिससे लोगों को इस साल छरछरी चलने की उम्मीद जाग गई है। शनिवार को सम्राट अशोक कली डैम का जलस्तर 85 प्रतिशत पर पहुंच चुका है। अगर इसी तरह से पानी की आवक होती रही तो कुछ ही दिनों में गेट खोलने पड़ेंगे।

हलाली डैम भरने से आसपास क्षेत्र के कई किसानों को उम्मीद हो गई है कि रवि की फसलों के लिए पर्याप्त पानी मिलने लगेगा। हलाली डैम की नहर से लाखों किसान अपने खेतों की सिंचाई करते हैं।



### खोले जाएंगे गेट

अनुविभागीय अधिकारी बीके बागुल्या ने जानकारी देते हुए बताया कि हलाली डैम का जलस्तर 85 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। अगर 30 अगस्त से पहले 90 प्रतिशत तक जलस्तर पहुंचता है तो चैनल खोल दिए जाएंगे। 30 अगस्त के बाद 100 प्रतिशत भरने पर ही चैनल गेट खोले जाएंगे।

### इनका कहना है

हलाली डैम का फुल टैंक लेवल 459 और 461 है। इस साल भरने की उम्मीद मानसून को देखते हुए लग रही है। अभी जलस्तर 458.90 मीटर हो चुका है। 100 प्रतिशत भरने पर आसपास के किसानों को भरपूर पानी सिंचाई के लिए मिलेगा। लगातार जलस्तर बढ़ रहा है कुछ दिनों में गेट खुलने की उम्मीद है।

**- राजकुमार पंडौले,** कार्यपालन यंत्री।

## खबर संक्षेप

### आशी सोनी का वॉलीबॉल चैंपियनशिप का चयन



**रायसेन।** सांदीपनी स्कूल सिलवानी की प्रतिभाशाली एवं होनहार छात्रा कु. आशी सोनी सुपुत्री विजय कुमार सोनी का चयन अंडर-15 वर्ल्ड स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के चयन ट्रायल के लिए हुआ है। आशी सोनी मध्यप्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए पुणे में ट्रायल देंगी। पुणे से चयन होने के बाद सिलवानी की यह होनहार बेटी आशी चीन में जाकर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेगी। इनके चयन पर पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत संजय मस्ताना जय बाबू जैन विभोर नायक ने खुशी का इजहार कर दी बधाई।

### पर्यटन स्थलों पर किसी ने ड्रोन उड़ाया तो खैर नहीं

**रायसेन।** अगर किसी ने बिना इजाजत के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्मारकों के ऊपर ड्रोन कैमरा उड़ाया तो उनकी अब खैर नहीं। जिले के विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप सांची, भीम बैठिका तथा भोजपुर शिव मंदिर में अब ड्रोन संचालन पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार एसपी पंकज पांडे के प्रतिवेदन पर इन स्थलों को रेड फ्लाई जोन घोषित किया गया है।

# किसान जागृति संगठन ने नकली खाद की जांच को लेकर एसपी को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

शनिवार को किसान जागृति संगठन के प्रमुख इरफान जाफरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रायसेन पहुंचकर एसपी पंकज पांडे को ग्राम बागौद में पकड़ी गई नकली डीएपी खाद को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा कि नकली खाद को लेकर ज्ञापन में उल्लेखित 11 बिंदुओं पर जांच की जाएंग।

इस प्रतिनिधि मंडल में किसान जागृति संगठन के सलामतपुर कार्यालय प्रभारी विजय चौकसे और राजेंद्र सिंह राजपूत, मलखान सिंह ठाकुर शामिल थे।

# पुलिस ने हाईवे पर लूट करने वाली गेंग का किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शनिवार की शाम पुलिस कंट्रोल रूम के सभाकक्ष में हाइवे पर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाली लुटेरी गैंग को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पर्दाफाश किया।

शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात करीब 1 बजे फरियादी विजय कुमार जैन निवासी शाहगढ़, जिला सागर द्वारा सूचना दी गई कि वह अपने भतीजे का गृहस्थी का सामान पीथमपुर से पिकअप वाहन में लेकर शाहगढ़ (जिला सागर) जा रहे थे। तभी रायसेन में कोढ़ी पुल के पास रात्रि विश्राम के दौरान दो बाइकों से आए 6 व्यक्तियों ने नगदी, मोबाइल एवं अन्य सामान के साथ पिकअप वाहन को लेकर भाग गए। सूचना पर डायल 100 ने वाहन एवं आरोपियों की तलाश प्रारंभ की। बौद्ध यूनिवर्सिटी के सामने पिकअप खड़ी मिली।

**खास बातें**

- डीआईजी ने फरार आरोपियों पर 20 हजार का इनाम किया घोषित
- कोड़ी के पुल पर आरोपियों ने की थी लूट की वारदात



एसपी पंकज पांडे के मार्गदर्शन एवं एएसपी कमलेश खरपुसे के निर्देशन पर 5 पुलिस टीम तैयार कर एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के नेतृत्व में टीम द्वारा पीछा करने पर आरोपी बेरखेड़ी चौराहे के पास बाइक छोड़कर जंगल में भागे। लगातार सर्चिंग के दौरान पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसने अपराध स्वीकार करते हुए अन्य पांच साथियों के नाम बताए।

गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड राजगढ़ जिले में चोरी व डकैती के मामलों से जुड़ा हुआ है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लूटी हुई बाइक बरामद की है। वहीं अन्य आरोपियों की जानकारी देने पर डीआईजी द्वारा 20 हजार रुपए ईनाम दिया जाएगा।

# हरसिली विद्यालय में सेहत क्लब का हुआ गठन बच्चों को मिला स्वास्थ्य जागरूकता का नया मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

शासकीय माध्यमिक विद्यालय हरसिली में ईट राइट स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण क्लब (सेहत क्लब) का औपचारिक गठन किया गया। यह बाल रक्षा भारत द्वारा आयोजित पहला ईट राइट स्कूल कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों में संतुलित आहार, सुरक्षित भोजन, पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस अवसर पर बाल रक्षा भारत के फील्ड फेसिलिटेटर कैसर अज़ीम और सिद्धार्थ चौहान



उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को सही खानपान और स्वास्थ्य संबंधी आदतों के महत्व पर प्रेरित किया।

सेहत क्लब के तहत विद्यालय के 10 विद्यार्थियों को विशेष जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं, जिनमें स्वास्थ्य एंबेसडर, किचन गार्डन प्रभारी, स्वच्छता प्रभारी एवं मीडिया प्रभारी शामिल हैं। ये विद्यार्थी विद्यालय और समुदाय में स्वास्थ्य संबंधी संदेशों का प्रसार करेंगे।

अनिल कुमार चौकसे, अनामिका दुबे और शोभा सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाल रक्षा भारत की यह पहल बच्चों में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति नई सोच पैदा करेगी। सेहत क्लब के माध्यम से बच्चे स्वयं समाज में स्वास्थ्य के दूत बनेंगे और आने वाले समय में बड़ा बदलाव लाएँगे।

कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक संकल्प ईट राइट - बी ब्राइट के उद्घोष के साथ हुआ।

# बच्चों ने बनाना सीखा मिट्टी के गणेश पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएमश्री शासकीय माध्यमिक शाला में शनिवार को पर्यावरण संतुलन के तहत शिक्षिका प्रीति, अनुराधा, उमा मैडम और गीता द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को मिट्टी के गणेश जी बनाना सिखाया।

बच्चों ने बड़े ही उत्साह से गणेशजी बनाने का प्रशिक्षण लेकर प्रकृति को बचाने का संदेश दिया। बच्चों को बताया गया कि गणेश चतुर्थी के मौके पर गणपति विसर्जन में प्लास्टर ऑफ पेरिस व अन्य घातक पदार्थों से बनी प्रतिमाएं जल



को प्रदूषित करती हैं। मिट्टी की मूर्तियां घर में ही विसर्जित करने से पर्यावरण संतुलन तो बना ही रहेगा, लोगों की धार्मिक आस्था भी जुड़ी रहेगी। हर शनिवार को अलग-अलग त्योहारों पर छात्राओं को एक्टिविटी कराई जाती है, ताकि बच्चे कुछ नया सीख सकें।

# समाजसेवी महेश चच्चा की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शनिवार को शहर के जाने-माने समाजसेवी एवं पूर्व हिउस अध्यक्ष स्व. महेश श्रीवास्तव (चच्चा) की दूसरी पुण्यतिथि पर सिद्ध हनुमान मंदिर तहसील कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा और नगर भंडारे का आयोजन किया। जिसमें व्यापारियों नागरिकों ने स्व. महेश चच्चा की तस्वीर पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

लोगों ने कहा कि स्व. महेश चच्चा का सारा जीवन सादगी और गरीब, दीनहीनों की सेवा और जरूरतमंदों की मदद में बीता। इसीलिए उन्हें याद करते हुए उनके द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में दिए गए योगदान की सराहना की।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी,



कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल, डॉ जीसी गौतम, मनोज अग्रवाल, कन्हैया सूरमा, रमेश बाबू श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, बबलू श्रीवास्तव, संदीप सक्सेना, अनिल अन्नू श्रीवास्तव, सूर्यप्रकाश सक्सेना, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, ब्रजेश चतुर्वेदी, राजेन्द्र राजू राठौर, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, राजू सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

### नगर भंडारे में लोगों ने की भोजन प्रसादी ग्रहण

स्व.महेश चच्चा की पुण्यतिथि के अवसर पर तहसील परिसर में नगर भंडार का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण किया। दोपहर 12 बजे से भंडारा से प्रारंभ हुआ जो शाम तक चलता रहा।

### भक्ति और समर्पण ही साधना को सार्थक बनाते हैं: मुनि साक्ष्य सागर


# पारसनाथ जिनालय में बह रही अध्यात्म की धारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

सच्चे ज्ञान (विद्या) की प्राप्ति केवल उसी को होती है, जिसने अपने कर्मों द्वारा पुण्य अर्जित किया हो। बिना पुण्य के विद्या की सिद्धि संभव नहीं सुयोग्य वातावरण के लिए भी पुण्य की जरूरत है, बल्कि एक उपयुक्त वातावरण जो साधना, ध्यान या आत्मचिंतन के लिए आवश्यक है उसे भी प्राप्त करने के लिए पुण्य चाहिए। सही स्थान, समय और संगति स्वयं ही पुण्य का फल होते हैं।

यह बात मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने समाजजनों के बीच पारसनाथ जिनालय में शनिवार को सुबह के समय कही।

उन्होंने बताया कि संसार में रह रहे हो तो पुण्य बढ़ाओ। जब हम सांसारिक जीवन में होते हैं, तब हमें अपने कर्मों के द्वारा पुण्य कमाने का अवसर मिलता है। संसार में रहते हुए भी अपने कर्मों को शुद्ध, हितकारी और नैतिक बनाकर पुण्य संचय करना चाहिए। केवल पुण्य कमाना ही उद्देश्य नहीं है, बल्कि



उसे सही ढंग से, विवेकपूर्ण ढंग से, आत्महित और लोकहित में संतुलन रखते हुए करना चाहिए। अज्ञान या अहंकार से किया गया पुण्य भी फलहीन हो सकता है। सद्कर्मों का संचय ही जीवन को दिव्यता की ओर ले जाता है। "पुण्य ही वह पूँजी है, जो जन्म-जन्मांतर में साथ चलती है।

उन्होंने कहा कि साधना के लिए एकांत का महत्व बताया गया है। बाहरी शोर-शराबा, विचलित करने वाले विचार, या सामाजिक व्यस्तता साधना में बाधा बनते हैं। एकांत शारीरिक अकेलेपन से नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता और आंतरिक शांति से भी है। किसी भी साधना, पूजा या कर्म में भाव का सर्वोपरि महत्व होता है। यदि भाव शुद्ध नहीं है, तो कोई भी कर्म निष्फल हो सकता है। श्रद्धा, भक्ति और समर्पण ही साधना को सार्थक बनाते हैं।

### इच्छा का निरोध करना ही तप है : मुनि श्री

मुनिश्री ने बताया कि तप सिर्फ शरीर को कष्ट देना नहीं है, बल्कि मन की इच्छाओं को नियंत्रित करना उन्हें त्यागना ही सच्चा तप है। जब इच्छाओं पर नियंत्रण होता है, तभी आत्मविकास होता है। मन, वचन, और कर्म की पवित्रता ही आत्मा को जाग्रत करती है। इंद्रियों पर नियंत्रण ही सच्चे योग की शुरुआत है।"संयम ही सच्चा शासन है।

आत्मा का आत्मा पर। भीतर की यात्रा एकाग्र चित्त से ही संभव है।ध्यान है आत्मा की दीपशिखा, जो अंधकार में भी मार्ग दिखाए। श्रद्धा, भक्ति, और करुणा ये भाव ही साधना की आत्मा हैं। भाव शुद्ध हो तो कर्म अपने आप सिद्ध हो जाते हैं। धर्म सभा को मुनि निवृत सागर महाराज ने भी संबोधित किया।